**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉक: जून 16, 2022

---

## :: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर में थाना ककरौली पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही 01 शातिर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से 01 तमन्चा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 काले रंग की हीरो मोटरसाइकिल बिना नम्बर बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर व वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी भोपा के कुशल पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह थाना ककरौली के कुशल नेतृत्व में दिनांक 15.06.2022 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री नेमपाल सिंह मय है0का0 131 विजय मावी, का0 738 मोनपाल, का0 1854 सचिन कुंतल थाने से रवाना होकर वास्ते देखरेख शांति व्यवस्था गस्त व भ्रमण चौकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति मे जटवाडा चैकपोस्ट पर चेकिंग में मामूर थे। थाना ककरौली पुलिस टीम जानसठ से आने वाले वाहनों की चैकिंग कर रही थी तो 01 बिना नम्बर की मोटरसाइकिल जानसठ की तरफ से आती दिखायी दी। थाना ककरौली पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार को चेकिंग हेतु रूकने का ईशारा किया तो मोटरसाइकिल चालक ने मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति से गोली चलाने को कहा जिस पर पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया तथा मोटरसाइकिल को ग्राम ढांसरी की ओर भागने लगे। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग से पुलिस टीम बाल–बाल बची तथा उक्त मोटरसाइकिल का पीछा करने लगी। कुछ दूरी पर बदमाश अपनी मोटरसाइकिल को सडक के किनारे गिराकर पुलिस टीम पर फायर करने लगे। पुलिस टीम द्वारा उक्त सूचना मोबाइल फोन के माध्यम से डी0सी0आर0 को दी गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी तो कुछ देर बाद बदमाशों की तरफ से फायरिंग बन्द होने पर 01 व्यक्ति के कराहने की आवाज आयी। पुलिस टीम ने सिखलाये हुए तरीके से आगे बढकर देखा तो 01 बदमाश घायल अवस्था में जमीन पर लेटा है तथा दूसरा बदमाश ईख के खेतों की तरफ भागा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया परन्तु उक्त बदामाश घने जंगल व खडी फसल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को प्राथमिक उपचार देकर नाम व पता पूछते हुए जामातलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम **कामिल पुत्र कासिम निवासी कम्हेडा थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर तथा भागे हुए साथी का नाम जावेद पुत्र इसराइल निवासी दौलतपुर थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर** बताया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमन्चा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 काले रंग की हीरो मोटरसाइकिल बिना नम्बर बरामद की गयी। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पर मु0अ0सं0–87/22 धारा–307 भादवि बनाम 1.कामिल 2.जावेद उपरोक्त, मु0अ0सं0–88/22 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधिनियम बनाम कामिल उपरोक्त एवं मु0अ0सं0– 89/22 धारा– 414 भादवि बनाम 11.कामिल 2.जावेद उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किये गये। पंजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1. कामिल पुत्र कासिम निवासी कम्हेडा थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**फरार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1. जावेद पुत्र इसराइल निवासी दौलतपुर थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार अभियुक्त कामिल उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः–**

1. मु0अ0सं0– 455/12 धारा– 395,397,412,120 बी भादवि थाना नहटौर, बिजनौर।
2. मु0अ0सं0– 185/13 धारा– 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना नहटौर, बिजनौर।
3. मु0अ0सं0– 84/14 धारा– 3/4 गुण्डा एक्ट थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
4. मु0अ0सं0– 78/14 धारा– 110 जी द0प्र0सं0 थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
5. मु0अ0सं0– 333/16 धारा– 307,452,504,506 भादवि थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
6. मु0अ0सं0– 351/16 धारा– 452,307,506 भादवि थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
7. मु0अ0सं0– 296/16 धारा– 379,323,506 भादवि थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
8. मु0अ0सं0– 303/17 धारा– 302 भादवि थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
9. मु0अ0सं0– 142/21 धारा– 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
10. मु0अ0सं0– 190/21 धारा– 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
11. मु0अ0सं0– 191/21 धारा– 4/10 यू0पी0 गुण्डा एक्ट थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
12. मु0अ0सं0– 267/19 धारा– 307 भादवि थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
13. मु0अ0सं0– 268/19 धारा– 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर।
14. मु0अ0सं0– 269/19 धारा– 414 भादवि थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
15. मु0अ0सं0– 521/19 धारा– 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।
16. मु0अ0सं0– 87/22 धारा– 307 भादवि थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
17. मु0अ0सं0– 88/22 धारा– 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
18. मु0अ0सं0– 89/22 धारा– 414 भादवि थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरणः–**

- 01 तमन्चा मय 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
- 01 काले रंग की हीरो मोटरसाइकिल बिना नम्बर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम :–**

- उ0नि0 श्री नेमपाल सिंह थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- है0का0 131 विजय मावी थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 738 मोनपाल थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 1854 सचिन कुंतल थाना ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**नोटः– घायल/गिरफ्तार अभियुक्त कामिल उपरोक्त शातिर किस्म का अपराधी है, अभियुक्त द्वारा घटना किये जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

16/6

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर